आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 18.09.2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में स्वच्छता ही सेवा 2019 कार्यक्रम के अंतर्गत आज दिनांक 18.09.2019 को आवासीय परिसर एवं परिसर में स्थित केन्द्रीय विद्यालय में स्वच्छता के लिए जागरुकता हेतु एंटी–लिटरिंग(गंदगी न फैलाने) पोस्टर लगाये गये एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों, अध्यापकों एवं अभियांत्रिक विभाग के कर्मचारियों द्वारा विद्यालय एवं आवासीय परिसर में वातावरण को स्वच्छ बनाये रखने के लिए प्लास्टिक का उपयोग न करने और एंटी लिटरिंग पोस्टर चस्पा कर कूड़ा को कूड़ेदान में डालने पर और गंदगी नही फैलाने का संदेश दिया गया साथ ही केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों और अध्यापकों ने श्रमदान किया।

आरेडिका में स्वच्छता पखवाड़ा दिनांक 16.09.2018 से 30.09.2019 तक आयोजित किया गया है जिसमें प्लास्टिक कचरा थीम पर जागरुकता के लिए आने वोले दिनों में भी कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

इस अवसर पर आरेडिका के अधिशासी अभियंता एल. बी. सिंह मौर्या, केन्द्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

18/09/19

कृते मुख्य जन–संपर्क अधिकारी